INTERNATIONAL INDIAN SCHOOL - DAMMA

SUMMATIVE ASSESSMENT - 2 (2012-2013)

CLASS-VII MAX.MAR

SUB -HINDI TIME -3 HOU

SET -B

StudentBounty.com

---

**सामान्य निर्देश -**

१. इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं ।

२. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

३. कुल प्रश्न 21 हैं ।

---

## खंड - क

1. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार पूरा कीजिए- **1/2x10=5**

१. माधवदास को कला से बहुत—प्रेम——है । (पाठ के आधार पर वाक्य पूरा करो)

२. पहली कठपुतली सोचने लगी - ये कैसी इच्छा मेरे मन में —जगी——? (कविता के आधार पर रिक्त स्थान भरो)

३. गुलाब का फूल कोमल होता है लेकिन डाली —कठोर——होती है ।( रेखांकित शब्द का विलोम लिखो )

४. सीता को वर्षा ऋतु पसंद है जबकि रेखा को सभी —ऋतुएँ——पसंद हैं ।(रखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखो)

५. मीरा के पास एक गुड्डा और एक —गुड़िया—है।( रेखांकित शब्द का लिंग बदल कर खाली स्थान भरो)

६. दुख का पर्यायवाची शब्द—पीड़ा——है।(खाली स्थान में कोई एक पर्यायवाची शब्द लिखिए)

७. सही जोड़े बनाओ -

| A | B |
|---|---|
| (क) चिड़िया | घ (१) हिमालय |
| (ख) गाठिया | ग (२) चिलम |
| (ग) मोर | क (३) माधवदास |
| (घ) सिंधु | ख (४) गुजरात |

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन शब्दों के बहु वचन** लिखिए - **3M**

(क) रुपया (ख) विद्यार्थी (ग) पक्षी (घ) केला

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन शब्दों के लिंग** बदलिए - **3M**

(क) स्वामी (ख) पति (ग) विद्वान (घ) आचार्य

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन वाक्यांशों** के लिए एक-एक शब्द लिखिए - 3M
(क) रात में घूमने वाला - (ख) जो सब कुछ जानता हो -
(ग) जो आँखों के सामने नहो - (घ) जो जन्म से अंधा हो -

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन के पर्यायवाची** शब्द लिखिए - 3M
(क) चतुर (ख) हाथ (ग) प्रार्थना (घ) सोना

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन के विलोम शब्द** लिखिए - 3M
(क) जीवन (ख) गुण (ग) स्वतंत्रता (घ) गहरा

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन शब्दों** को शुद्ध कीजिए - 3M
(क) परेयसी (ख) विज्ञापीत (ग) व्यनजन (घ) विरान

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के रेखांकित शब्दों के **सर्वनाम के भेद** लिखिए । 3M
(क) तुमने आज क्या काम किया है ? प्रश्न वाचक
(ख) मैं तुम्हें स्वयं बुलाने आऊँगा । निजवाचक
(ग) जितना करोगे उतना पाओगे । संबंधवाचक
(घ) कोई उसकी पुस्तक ले गया । अनिश्चयवाचक

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के रखांकित शब्दों के **कारक** के भेद लिखिए- 3M
(क) पिताजी आशु के लिए खिलौने लाए । सम्प्रदान
(ख) पेड़ से पत्ता गिरा । अपादान
(ग) बालक गेंद से खेल रहा है । करण
(घ) गीता श्याम की बड़ी बहन है । संबंध

10.'अनुशासन का महत्त्व' विषय पर **अनुच्छेद** लिखिए । 4M
11. फीस माफ करने हेतु प्रधानाचार्य को **पत्र** लिखिए । 4M

12. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए - 5M
उस दिन संध्या समय उनके देखते-देखते सामने की गुलाब की डाली पर एक चिड़िया आन बैठी । चिड़िया बहुत सुंदर थी । उसकी गरदन लाल थी और गुलाबी होते-होते किनारों पर ज़रा-ज़रा नीली पड़ गई थी । पंख ऊपर से चमकदार स्याह थे । उसका नन्हां सा सिर तो बहुत प्यारा लगता था और शरीर पर चित्र-विचित्र चित्रकारी थी । चिड़िया को मानो माधवदास की सत्ता का कुछ पता न था ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

१. संध्या समय चिड़िया कहाँ आन बैठी ?
(क) चमेली की डाली पर (ख) चम्पा की डाली पर (ग) गुलाब की डाली पर
२. चिड़िया कैसी थी ?
(क) लाल थी (ख) गुलाबी थी (ग) सुंदर थी
३. चिड़िया के पंख कैसे थे ?
(क) चमकदार स्याह (ख) स्याह (ग) चमकदार
४. चिड़िया को किसके बारे में पता नहीं था ?
(क) माधवदास की कोठी के बारे में (ख) माधवदास की सत्ता के बारे में
(ख) माधवदास के बगीचे के बारे में
५.उपर्युक्त गद्यांश को किस पाठ से लिया गया है ?
(क) खानपान की बदलती तस्वीर (ख) चिड़िया की बच्ची (ग) हिमालय की बेटियाँ

13.. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए- **5M**

भारत में ब्रिटिश शासन ने जिस दमन नीति को आरंभ किया उसके विरुद्ध विद्रोह शुरू हो गया था । मार्च 1857 में बैरकपूर में अंग्रेज़ों के विरुद्ध बगावत करने पर मंगल पांडे को 8 अप्रैल 1857 को फाँसी दे दी गई । 10 मई 1857 को मेरठ में भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन किया और सीधे दिल्ली की ओर कूच कर गए ।. दिल्ली में तैनात सैनिकों के साथ मिलकर 11मई 1857 को उन्होंने दिल्ली पर कब्ज़ा कर लिया और अंतिम मुगल शासक बहादुर शाह ज़फर को भारत का शासक घोषित कर दिया ।

१. किस स्वतंत्रता सेनानी को फाँसी दी गई ?
(क) बहादुर शाह ज़फर को (ख) मंगल पांडे को (ग) सुभाषचंद्र बोस को
२. भारतीय सैनिकों ने दिल्ली पर कब्ज़ा किस सन् में किया ?
(क) 10 मई 1857 को (ख) 8 अप्रैल 1857 को (ग) 11मई 1857
३. भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन कहाँ किया ?
(क) दिल्ली (ख) मद्रास (ग) मेरठ
४. भारत का शासक किसे घोषित किया गया ?
(क) वीर कुँवर सिंह (ख) मंगल पांडे (ग) बहादुर शाह ज़फर
५. भारतीय सैनिकों ने किस ओर कूच किया ?
(क) मेरठ की ओर (ख) दिल्ली की ओर (ग) बैरकपूर की ओर

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

14. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले सा।

अचानक - बोला मोर।
जैसे किसी ने आवाज़ दी -
'सुनते हो '।
चिलम औंधी
धुआँ उठा -
सूरज डूबा
अँधेरा छा गया।

१. आकाश का साफ़ा किसने बाँधा है ?
(क) धरती (ख) प्रकृति (ग) पहाड़
२. पहाड़ किसकी चिलम खींचता है ?
(क) सूरज की (ख) आग की (ग) पलाश के जंगल की
३. कविता में चादर किसे माना गया है ?
(क) धरती को (ख) नदी को (ग)आकाश को
४. अँधकार कहाँ सिमटा बैठा है ?
(क) दूर पश्चिम में (ख) दूर पूर्व में (ग) दूर दक्षिण में
५. इस कविता के कवि का नाम क्या है ?
(क) भवानी प्रसाद मिश्र (ख) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (ग) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

## खंड -ख

15. निम्निखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के अर्थ लिखिए - **4M**
(क) उपलब्ध (ख) विविध (ग) स्वच्छंदता (घ) तृष्णा (ङ) कौतूहल

16. निम्निखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के वाक्य बनाइए - **4M**
(क) तृप्ति (ख) विस्मय (ग) व्यंजन (घ) आकर्षक (ङ) प्रफुल्लित

17. निम्निलिखित में से किन्हीं **तीन** वाक्यों को शुद्ध कीजिए । **3M**
(क) शोभा आई और कहा ।
(ख) अध्यापिका जी आए हैं ।
(ग) मैं सोमवार के दिन अलीगढ़ जाऊँगा ।
(घ) तैने मुझे बताया नहीं था।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

StudentBounty.com

18. निम्नलिखित में से किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए - भवानी प्रसाद मिश्र **1x6=6**

१. 'कठपुतली' कविता के कवि का नाम लिखो । भवानी प्रसाद मिश्र

२. पलाश के फूल कैसे दखाई देते हैं ? जलती अंगीठी

३. चिड़िया के शरीर पर किस प्रकार की चित्रकारी थी ? रंग बिरंगी

४. उत्तर भारत की कौन सी संस्कृति पूरे भारत में फैल चुकी है ? काबा संस्कृति

५. 'हिमालय की बेटियाँ' पाठ में आए महाकवि का नाम लिखिए । कालीदास

६. 'खानपान की बदलती तस्वीर' पाठ के लेखक का नाम क्या है ? प्रयाग शुक्ल

७. 'हिमालय की बेटियाँ' पाठ में दामाद किसे कहा गया है ? सागर

८. पॉव-भाजी कहाँ का प्रसिद्ध व्यंजन है ? बंबई

19. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए - सरदी **2x4=8**

१.' शाम एक किसान' कविता में किस मौसम की शाम का चित्रण है और किसान किसे कहा गया है?

२. कठपुतली किससे बँधी है और वह किसके इशारों पर नाचती है ?

३. नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है । लेकिन नगार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं ?

४. खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ?

५. कठपुतली क्या चाहती है और वह किस पर खड़ी होना चाहती है ?

20. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **3x3=9**

१. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?

२. किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं था ?

३. हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है ?

४. माधवदास क्यों बार-बार चिड़िया से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है ? क्या माधवदास निःस्वार्थ मन से ऐसा कह रहा था ? स्पष्ट कीजिए ।

21. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए - **4x1=4**

१. खानपान की मिश्रित संस्कृति से लेखक का क्या मतलब है ? अपने घर के उदाहरण देकर इसकी व्याख्या करें ?

OR

२. माधवदास के बार-बार समझाने पर भी चिड़िया सोने के पिंजड़े और सुख-सुविधाओं को कोई महत्त्व नहीं दे रही थी । दूसरी तरफ माधवदास की नज़र में चिड़िया की ज़िद का कोइ तुक नहीं था । माधवदास और चिड़िया के मनोभावों के अंतर क्या-क्या थे ? अपने शब्दों में लिखिए ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers